# ग्लोबल व्हिसलब्लोइंग पॉलिसी

# विषय-वस्तु


| | | |
|---|---|---|
| 1. | उद्देश्य | 3 |
| 2. | सामान्य सिद्धांत | 4 |
| 3. | रिपोर्ट कौन कर सकता है | 5 |
| 4. | किन बातों की रिपोर्ट की जा सकती है और नहीं की जा सकती है | 5 |
| 5. | रिपोर्ट करने का तरीका | 6 |
| 6. | व्हिसलब्लोअर्स और रिपोर्ट किए गए पक्षों की सुरक्षा के सिद्धांत | 8 |
| 7. | व्हिसलब्लोइंग प्रोसेस मैनेजमेंट | 10 |
| 8. | रिकॉर्ड कीपिंग और व्यक्तिगत डेटा इकट्ठा करना | 12 |
| 9. | परिभाषाएं | 13 |
| 10. | अक्सर पूछे जाने वाले सवाल (FAQ) | 15 |



**Coesia ग्लोबल व्हिसलब्लोइंग पॉलिसी**

दायरा: Coesia S.p.A. और उसकी अनुषंगी कंपनियां
अनुमोदन करने वाले व्यक्ति का नाम: Coesia S.p.A. निदेशक मंडल
जारी करने वाले का नाम: Coesia S.p.A. CEO
तारीख: फ़रवरी 2024
संशोधन: v.1.0

# 1. उद्देश्य

Coesia S.p.A. (जिसे इसके बाद "Coesia" या "कंपनी" के रूप में भी संदर्भित किया गया है) और इसकी अनुषंगी कंपनियां, Coesia की नैतिकता संहिता में बताए गए इनके मूल्यों और व्यवहार के मानकों के अनुसार और मौजूदा विनियमों के अनुपालन में समुचित और विशिष्ट चैनलों के ज़रिए मिलने वाली रिपोर्ट्स को हैंडल करने के लिए इस नीति में बताई गई प्रक्रियाओं को अपनाएंगीं और उनका पालन करेंगीं.

विशेष रूप से, इस नीति का उद्देश्य Coesia के नाम से या उसकी ओर से या उसके हित में कार्य कर रहे सभी व्यक्तियों को समूह की नैतिकता संहिता के उल्लंघनों, विनिर्देश, (EU) 2019/1937 (यूरोपीय संघ के देशों में स्थित कंपनियों के लिए) के उल्लंघनों, वैधानिक डिक्री 24/2023 और वैधानिक डिक्री 231/2001 (इतालवी कंपनियों के लिए), Coesia की नीतियों और साथ ही लागू परिचालन के देशों के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के उल्लंघनों की रिपोर्ट करने के लिए परिचालन टूल प्रदान करना है.

लागू विशिष्ट राष्ट्रीय कानून द्वारा आवश्यक बनाए जाने पर, Coesia की अनुषंगी कंपनियां स्थानीय कॉर्पोरेट व्हिसलब्लोइंग नीति में बताए जाने वाले और Coesia की Coesia की मौजूदा ग्लोबल व्हिसलब्लोइंग पॉलिसी के पूर्ण और सख्त अनुपालन में अपनाए जाने के लिए स्थानीय व्हिसलब्लोइंग चैनल को अपना सकता है. अगर इस पॉलिसी के किसी प्रावधान से व्हिसलब्लोइंग कानून के किसी राष्ट्रीय प्रावधान से विरोधाभास होता है, तो स्थानीय कॉर्पोरेट व्हिसलब्लोइंग पॉलिसी, प्रचलित राष्ट्रीय कानूनी प्रावधानों को संदर्भित करेगी, जो लागू होंगे.

इस पॉलिसी के सही कार्यान्वयन को सत्यापित करने के लिए Coesia के पास आंतरिक ऑडिटर(ऑडिटर्स) या बाहरी स्वतंत्र विशेषज्ञ (विशेषज्ञों) की सहायता से उपयुक्त ऑडिट और नियंत्रण लागू करने का अधिकार सुरक्षित है, जिसकी समय-समय पर समीक्षा की जाएगी और जहां व जब आवश्यक होगा, उसे अपडेट किया जाएगा.

इस नीति से संबंधित किसी भी शंका के लिए कृपया अनुच्छेद 10 "अक्सर पूछे जाने वाले सवाल (FAQ)" देखें.

[1] **आंतरिक पक्ष** (जैसे: निश्चित अवधि वाले अनुबंधों और आकस्मिक श्रमिकों, वॉलंटियर और प्रशिक्षुओं सहित संविदात्मक अनुबंध के तहत आने वाले सभी सहयोगी) और **बाहरी पक्ष** (जैसे: ऐसे व्यक्ति जिन्होंने भर्ती प्रक्रिया के दौरान या कंपनी, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, भागीदारों और सामान्य तौर पर सभी हितधारकों के साथ अपने पिछले कार्य-आधारित संबंधों के दौरान उल्लंघनों के बारे में जानकारी प्राप्त की है). और ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया पैराग्राफ़ 10 FAQ को देखें.

coesia

# 2. सामान्य सिद्धांत

Coesia अनुरोध करता है और गारंटी देता है कि इस पॉलिसी में बताई गई किसी भी गतिविधि के कार्यान्वयन में शामिल व्यक्ति, नीचे दिए गए सिद्धांतों के मुताबिक काम करेंगे:

**गोपनीयता**
रिपोर्ट करने वाले पक्ष की पहले से सहमति लिए बिना रिपोर्ट के मैनेजमेंट में शामिल लोगों को छोड़ कर किसी अन्य व्यक्ति को व्हिसलब्लोअर की पहचान नहीं बताई जाएगी.

**पारदर्शिता**
इस पॉलिसी के कार्यान्वयन में शामिल सभी व्यक्ति, अपने कर्तव्यों का पालन करने में पूरी पारदर्शिता रखने की गारंटी देंगे और यह पक्का करेंगे कि पूरी प्रक्रिया का मैनेजमेंट सत्यता से किया जाए.

**निष्पक्षता, स्वतंत्रता और पेशेवर दृष्टिकोण**
सभी रिपोर्ट को इस तरीके से हैंडल किया जाना चाहिए, जिससे उद्देश्य, योग्यता और पेशेवर दृष्टिकोण की ज़रूरी शर्तें हमेशा सुनिश्चित हो सके और बनाए रखी जाएं.

**सत्यता और वैधता**
सभी जानकारियों और आरोपों की रिपोर्ट नेकनीयत से और उपयुक्त आधार पर की जानी चाहिए.

**व्हिसलब्लोअर और शामिल दूसरे पक्षों की सुरक्षा के लिए प्रतिशोध पर प्रतिबंध**
व्हिसलब्लोअर और संभावित रूप से शामिल किसी भी दूसरे पक्ष को प्रतिशोध की किसी भी कार्रवाई के खिलाफ़ सुरक्षा दी जाती है, बशर्ते कि वह नेकनीयत से और उपयुक्त आधार पर काम करता है.

# 3. रिपोर्ट कौन कर सकता है

**कोई भी व्यक्ति रिपोर्ट सबमिट कर सकता है.** Coesia ने उन सभी व्यक्तियों को रिपोर्ट करने की सुविधा प्रदान की है, जिन्हें अपनी कार्य से जुड़ी गतिविधियों के संदर्भ में संभावित उल्लंघन की जानकारी मिलती है.

# 4. किन बातों की रिपोर्ट की जा सकती है और नहीं की जा सकती है

ऐसा कोई भी व्यक्ति, जो नीचे दी गई बातों के संदिग्ध उल्लंघनों की पहचान करता है:

- Coesia नैतिकता संहिता;
- ऐसे व्यक्तियों की सुरक्षा के बारे में विनिर्देश (UE) 2019/1937, जो संघ कानून और उसके राष्ट्रीय उल्लंघनों (यूरोपीय संघ के देशों में स्थित कंपनियों के लिए) के उल्लंघन की रिपोर्ट करते हैं;
- संगठन, मैनेजमेंट और नियंत्रण मॉडल - विधायी डिक्री 24/2023 और 231/2001 (इतालवी कंपनियों के लिए);
- Coesia की पॉलिसी;
- राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कानून[2] और विनियम;

की**रिपोर्ट उन्हें किया जाना आवश्यक है.**

ऐसी जानकारी जो विशेष रूप से अविश्वसनीय अटकलबाज़ी या गपशप (यानी, “अफ़वाह”) के आधार पर हासिल की गई है

**रिपोर्ट नहीं की जा सकती है.**

[2] आगे दिए गए क्षेत्रों से संबंधित, लेकिन यह बस इन्हीं तक सीमित नहीं है: व्यवस्थापकीय, अकाउंटिंग, नागरिक या आपराधिक कृत्य; प्रोडक्ट अनुपालन और सुरक्षा; ट्रांसपोर्ट संबंधी सुरक्षा; पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक स्वास्थ्य (और ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया पैराग्राफ़ 10 FAQ देखें.

# 5. रिपोर्ट करने का तरीका

Coesia ने रिपोर्ट सबमिट करने के लिए ग्रुप चैनल सेट अप किया है:

लिखित स्वरूप

**रिपोर्टिंग डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म** के ज़रिए, जिसे इसके ज़रिए ऑनलाइन एक्सेस किया जा सकता है:

कंप्यूटर पर आगे दिए गए लिंक पर coesia.ethicspoint.com;

मोबाइल पर आगे दिए गए लिंक पर coesia.navexone.eu
या नीचे दिए गए **QR कोड** को स्कैन करके:

मौखिक रूप में

पोर्टलcoesia.ethicspoint.com पर टोल-फ्री नंबर[3] उपलब्ध हैं
(24 घंटा - हफ़्ते के 7 दिन)

(ऊपर दिए गए चैनल, व्हिसलब्लोअर की देशी भाषा में गुमनाम रहकर रिपोर्ट करने की सुविधा देते हैं)

रिपोर्ट सबमिट करने के बाद, व्हिसलब्लोअर्स को 'रिपोर्ट कुंजी' नामक एक्सेस कोड मिलेगा, जिसका पासवर्ड के साथ इस्तेमाल करके प्लेटफ़ॉर्म पर मिलने वाले किसी भी जवाब या सवाल को देखा जा सकता है.

[3] टेलीफ़ोन हॉटलाइन Navex के कर्मचारियों द्वारा मैनेज की जाती हैं, जो रिपोर्ट को सिस्टम में ट्रांसक्राइब करते हैं.

व्हिसलब्लोअर को कुछ विशेष स्थितियों में और सिर्फ़ उन्हीं जगहों पर, जहां यह लागू है, बाहरी रिपोर्टिंग चैनल का इस्तेमाल करने या सार्वजनिक खुलासा करने की सुविधा दी गई है[4].

"रिपोर्ट करने के तरीके" सक्रिय प्रस्तावों (नए सुझावों और बेहतर बनाने के सुझाव) या आचार संहिता के उल्लंघनों के बारे में और जानकारी "Coesia की आचार संहिता" में बताई गई है.

[4] ऐसे देशों में, जिनके कानून में लोक प्राधिकारी के लिए **बाहरी रिपोर्टिंग चैनल** के इस्तेमाल के बारे में बताया गया है, इसे विशिष्ट स्थितियों में सक्रिय किया जा सकता है, उदाहरण के लिए जब:

- जब आंतरिक चैनल सक्रिय न हो या इसमें व्हिसलब्लोअर की गोपनीयता की गारंटी नहीं मिलती हो;
- अंदरूनी चैनल के ज़रिए बनाई गई रिपोर्ट का फ़ॉलो-अप बताई गई समय-सीमाओं के अंदर नहीं किया जाता है या उसका निराकरण उपयुक्त रूप से नहीं किया गया हो;
- रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति के पास यह मानने का उचित आधार हो कि अंदरूनी चैनल के ज़रिए की गई रिपोर्ट को प्रभावी तरीके से फ़ॉलो-अप नहीं किया जाएगा या इसकी वजह से प्रतिशोध का जोखिम होगा;
- रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति के पास यह मानने का उचित आधार हो कि इसकी विषय-वस्तु से सार्वजनिक हित को तुरंत या स्पष्ट खतरा पैदा होगा (यानी स्वास्थ्य और सुरक्षा, या पर्यावरण से जुड़ा खतरा);
- ऐसा करना कानून द्वारा आवश्यक हो.

**सार्वजनिक खुलासा** सिर्फ़ तभी किया जा सकता है, जब:

- रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति ने इसकी अंदरूनी या बाहरी रिपोर्ट पहले से ही कर दी हो, जिसका ज़रूरी समय-सीमाओं में फ़ॉलो अप नहीं किया गया हो;
- रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति के पास यह मानने का उचित आधार हो कि उल्लंघन से सार्वजनिक हित को तुरंत या स्पष्ट खतरा पैदा होगा;
- रिपोर्ट करने वाले के पास यह मानने का उचित आधार हो कि इसकी वजह से प्रतिशोध का जोखिम है या यह कि विशिष्ट स्थितियों की वजह से रिपोर्ट का निराकरण प्रभावी तरीके से नहीं किया जा सकता है, जैसे ऐसी स्थितियां, जिनमें प्रमाणों को छिपाया या नष्ट किया जा सकता है या जिनमें रिपोर्ट पाने वाले लोगों की दोषी व्यक्ति के साथ या उल्लंघन में सांठगांठ हो सकती है;
- ऐसा करना कानून द्वारा आवश्यक हो.

# 6. व्हिसलब्लोअर्स और रिपोर्ट किए गए पक्षों की सुरक्षा के सिद्धांत

Coesia, Navex प्लेटफ़ॉर्म का इस्तेमाल करके खुली रिपोर्टिंग को प्रोत्साहन देता है और व्हिसलब्लोअर्स व रिपोर्ट किए गए सभी पक्षों की सुरक्षा के सिद्धांतों को अपनाता है:

## a. गुमनामी और गोपनीयता

व्हिसलब्लोअर इन तरीकों से रिपोर्ट करने का विकल्प चुन सकते हैं:

- **खुले तौर पर**: व्हिसलब्लोअर अपने व्यक्तिगत संपर्क की पूरी जानकारी देते हैं;
- **गुमनाम तरीके से**: अगर व्हिसलब्लोअर, NAVEX प्लेटफ़ॉर्म पर अपने संपर्क का ईमेल देने का विकल्प चुनते हैं, जिसे Coesia को फ़ॉरवर्ड नहीं किया जाएगा, तो **Coesia व्हिसलब्लोइंग मैनेजमेंट टीम** द्वारा सिस्टम में कोई भी जवाब या सवाल पोस्ट करने पर हर बार उन्हें नोटिफ़िकेशन मिलेगा अगर व्हिसलब्लोअर अपना संपर्क का ईमेल नहीं डालने का विकल्प चुनते हैं, तो यह उनकी ज़िम्मेदारी है कि वे दिए गए पासवर्ड और "रिपोर्ट कुंजी" का इस्तेमाल करें, ताकि वे सिस्टम को एक्सेस कर सकें और किसी भी अपडेट को देख सकें.

किसी भी मामले में, रिपोर्ट के प्रभारी और उस पर फ़ॉलो अप करने वाले व्यक्तियों को छोड़ कर अन्य व्यक्तियों को व्हिसल्ब्लोअर की पहचान का और ऐसी किसी भी अन्य जानकारी का खुलासा, जिससे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उसकी पहचान उजागर हो सकती है, पहले से सूचना दिए बिना और लिखित सहमति लिए बिना नहीं किया जाएगा.

## b. प्रतिशोध के खिलाफ़ सुरक्षा

व्हिसलब्लोअर, बाहरी पक्ष, कानूनी एंटिटी और व्हिसलब्लोअर से कनेक्टेड दूसरे विषयाधीन व्यक्तियों को सभी प्रकार के प्रतिशोध[5] या भेदभाव से सुरक्षित रखा जाता है.

## c. सूचित किए जाने का अधिकार

रिपोर्ट किए गए पक्षों को किसी भी तरह के संभावित आरोपों और उनके खिलाफ़ की गई किसी भी तरह की आनुशासनिक कार्रवाइयों के संबंध में जानकारी पाने का अधिकार है, ताकि वे बचाव के अपने अधिकार का इस्तेमाल कर सकें.

---

[5] बर्खास्तगी, निलंबन या इसके समतुल्य कार्रवाइयों के संबंध में लेकिन इन्हीं तक सीमित न होकर, अवधि से जुड़े अनुबंध के नवीकरण न किए जाने, या समय से पहले समाप्त किए जाने, माल या सेवाओं की आपूर्ति के अनुबंध के समय से पहले समाप्त होने या उसे कैंसल किए जाने के संबंध में (और ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया पैराग्राफ़ 10 FAQ देखें.

**d.** **रिपोर्ट किए गए पक्षों के खिलाफ़ आनुशासनिक कार्रवाई नहीं की जाएगी** अगर राष्ट्रीय कानून और/या संविदात्मक प्रक्रियाओं के मुताबिक रिपोर्ट किए गए उल्लंघनों के निष्पक्ष सबूत नहीं हों.

## e. हित के टकरावों का मैनेजमेंट

यह पॉलिसी गारंटी देती है कि रिपोर्ट का मैनेजमेंट अद्वितीय रूप से उन लोगों के द्वारा किया जाएगा, जिनकी स्थिति हित के टकराव की न हो.

**Coesia व्हिसलब्लोइंग मैनेजमेंट टीम के या संपर्क के स्थानीय व्यक्ति(व्यक्तियों) के नाम (जहां लागू हों) का उल्लेख किया गया हो, तो रिपोर्ट सीधे Coesia के अध्यक्ष को फ़ॉरवर्ड की जाएगी.**

coesia

# 7. व्हिसलब्लोइंग प्रोसेस मैनेजमेंट

Coesia आचार समिति ऐसा स्वतंत्र और स्वायत्त निकाय है, जिसकी अध्यक्षता Coesia के अध्यक्ष द्वारा की जाती है और इसमें इज़ाबेला सेरानोली, लोले एना साविनी, जॉर्जिया कैपुज़ो, पाओलो फ़ेबियानी और पाओला लेंज़ारिनी शामिल हैं. समिति खास तौर से स्वीकार्यता के चरणों में, मूल्यांकन या आंतरिक जांच को शुरू करने, किसी विशेष कॉर्पोरेट फ़ंक्शन या बाहरी सलाहकारों की भागीदारी को निर्धारित करने, रिपोर्ट को बंद करने में **Coesia व्हिसलब्लोइंग मैनेजमेंट टीम को** सहायता और मार्गदर्शन देती है.

**Coesia व्हिसलब्लोइंग मैनेजमेंट टीम**, जिसमें पाओलो फैबियानी और पाओला लांज़ारिनी शामिल हैं, अपनी गतिविधियां निष्पक्ष रूप से संचालित करेगा और उसकी ज़िम्मेदारी रिपोर्ट और जांचों के संबंध में हित के टकराव से मुक्त रह कर संभावित उल्लंघनों की रिपोर्टिंग प्रोसेस को मैनेज करने और उसका समन्वयन करने की है.

**Coesia व्हिसलब्लोइंग मैनेजमेंट टीम** को सभी रिपोर्ट प्राप्त होती हैं और उसकी ज़िम्मेदारी निम्नलिखित गतिविधियों की है:

- **व्हिसलब्लोअर को सूचित करना** और **रिपोर्ट प्राप्त होने के** 7 दिनों के अंदर प्राप्ति की अभिस्वीकृति देना;
- व्हिसलब्लोअर के साथ संचार बनाए रखना और जहां आवश्यक हो, **अतिरिक्त जानकारी मांगना**;
- **समूह की आचार समिति की सहायता से रिपोर्ट की स्वीकार्यता का आकलन करना** (अगर आवश्यक हो);
- **रिपोर्ट के विषय के आहार पर यह निर्धारित करना कि समिति के अंदरूनी फ़ंक्शन/निकाय क्या है;**
- **समूह की आचार समिति के अनुसार आकलन या अंदरूनी जांच शुरू करना** (अगर आवश्यक हो), अन्य अंदरूनी फ़ंक्शन और/या बाहरी परामर्शदाताओं की भागीदारी को निर्धारित करना;
- **3 महीनों के अंदर रिपोर्ट पर फ़ीडबैक देना** (प्राप्ति की सूचना की तारीख से या अगर कोई सूचना नहीं भेजी गई थी, तो रिपोर्ट किए जाने के बाद 7-दिनों की अवधि समाप्त होने के 3 महीनों के अंदर);
- **रिपोर्टिंग सिस्टम के संबंध में कोई भी शंका होने पर व्हिसलब्लोअर की सहायता करना;**
- स्टाफ़ और बाहरी पक्षों के बीच रिपोर्टिंग सिस्टम के बारे में **जागरुकता बढ़ाने** के लिए पर्याप्त उपाय करना[6].

[6] इस पॉलिसी के बारे में **बाहरी पक्षों** को संचार करना सुनिश्चित करने के लिए संविदात्मक दस्तावेज़ों में विशेष जानकारी की सूचना दी जाती है, जिसे अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाने पर अभिस्वीकृति द्वारा स्वीकार किया जाएगा.

अगर लागू राष्ट्रीय कानून के लिए **स्थानीय संपर्क के व्यक्ति** को निर्दिष्ट करना आवश्यक है, तो Coesia **व्हिसलब्लोइंग मैनेजमेंट टीम**, स्थानीय संपर्क का (के) व्यक्तियों को अपने आप शामिल किया जाएगा. इसके अलावा, संपर्क का स्थानीय व्यक्ति Coesia **व्हिसलब्लोइंग मैनेजमेंट टीम के एजेंट और प्रतिनिधि के तौर पर कार्य करेगा.**

## व्हिसलब्लोइंग प्रोसेस मैनेजमेंट के बारे में गाइडलाइन

### a. रिपोर्ट और शुरुआती आकलन प्राप्त करना

स्वीकार्य किए जाने के लिए, यह भी आवश्यक है कि रिपोर्ट जितनी हो सके विस्तृत और परिस्थितिजन्य हो. विशेष रूप से, इसमें नीचे दी गई जानकारी शामिल किए जाने का सुझाव दिया जाता है:

- तथ्यों का विस्तृत विवरण;
- स्थान और जब संभव हो, रिपोर्ट किए गए तथ्यों की तारीख और समय;
- रिपोर्ट की गई स्थिति में संबंधित लोगों की पहचान करने के लिए बताए गए लोगों की पहचान के लिए व्यक्तिगत विवरण या अन्य उपयोगी संकेत.

**अगर रिपोर्ट, पहचाने गए और प्राधिकृत रिपोर्टिंग चैनलों के बाहर के किसी व्यक्ति द्वारा प्राप्त की जाती है**, तो उनके लिए यह आवश्यक है कि वे इसे तुरंत नीचे दिए गए ईमेल पते पर फ़ॉरवर्ड करें codethics@coesia.com.

### b. मामले का आकलन और अंदरूनी जांच तथा समाप्ति

Coesia **व्हिसलब्लोइंग मैनेजमेंट टीम द्वारा पहचाने गए अंदरूनी फ़ंक्शन और/या बाहरी परामर्शदाता, के पास समूह की आचार समिति की सहायता से (अगर आवश्यक हो)** आकलन करने या अंदरूनी जांच या लक्षित निरीक्षण करने का प्रभार होता है, ताकि ऐसे सभी संभावित तत्वों की पहचान, सत्यापन और आकलन किया जा सके, जिनसे रिपोर्ट की गई ईवेंट्स की पुष्टि की जा सकती है.

अगर यह माना जाता है कि आगे कोई भी कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं है और आगे जांच करने की कोई ज़रूरत नहीं है, तो मामले को बंद करने का निर्धारण Coesia **व्हिसलब्लोइंग मैनेजमेंट टीम द्वारा किया जाता है.**

अगर उल्लंघन का सत्यापन कर लिया गया हो, तो कार्ययोजना सुझाई जाएगी.

अगर व्यवहार, संबंधित कानूनों के या इस पॉलिसी के अनुपालन में न हो, तो कंपनी आनुशासनिक उपाय अपना सकती है.

# 8. रिकॉर्ड कीपिंग और व्यक्तिगत डेटा इकट्ठा करना

सभी रिपोर्ट, व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा के विनियमों के अनुपालन में प्रोसेस की जाती हैं.

रिपोर्ट मैनेजमेंट की पूरी प्रोसेस के दौरान रिपोर्ट से संबंधित सभी दस्तावेज़ों को स्टोर किया जाएगा. जब तक राष्ट्रीय कानून में अन्यथा इंगित नहीं किया गया हो, व्हिसलब्लोइंग से संबंधित सभी दस्तावेज़ों को व्हिसलब्लोअर के आखिरी नतीजे की सूचना दिए जाने के बाद 5 वर्षों के लिए आवश्यक रूप से बनाए रखा जाएगा.

व्हिसलब्लोअर या व्हिसलब्लोइंग रिपोर्ट के मैनेजमेंट में प्राप्त किए गए इसमें शामिल अन्य व्यक्तियों के व्यक्तिगत डेटा (किसी भी विशेष श्रेणी जैसे नस्ल और जातीय मूल, धार्मिक और दार्शनिक विश्वास, राजनीतिक विचार, राजनीतिक दलों या ट्रेड यूनियनों की सदस्यता, साथ ही स्वास्थ्य और यौन अभिविन्यास से संबंधित संवेदनशील डेटा, या आपराधिक सज़ा और अपराधों से संबंधित श्रेणी सहित) को इस पर लागू डेटा सुरक्षा नियमों के प्रावधानों के अनुपालन में प्रोसेस किया जाएगा.

Coesia ने (लिखित और मौखिक दोनों) रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए गोपनीय चैनलों को डिज़ाइन और लागू किया है और वह उन्हें सुरक्षित तरीके से हैंडल करेगा, जिससे व्हिसलब्लोअर का गुमनाम बने रहना और उनकी पहचान की गोपनीयता सुनिश्चित होगी, साथ ही इसमें शामिल किसी भी बाहरी पक्ष (सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जांच या न्यायिक कार्यवाही के संबंध में आवश्यक और आनुपातिक आवश्यकताओं को छोड़ कर) की गोपनीयता सुनिश्चित होगी.

व्यक्तिगत डेटा की सभी प्रोसेसिंग सख्त तौर पर आवश्यक डेटा और उस डेटा तक ही सीमित होगी जो लागू कानूनों द्वारा बताई गई अवधियों के अंतर्गत रिपोर्ट की उचित रूप से हैंडलिंग सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है. इस अवधि के समाप्त हो जाने पर सभी दस्तावेज़ों को हटा दिया जाएगा.

# 9. परिभाषाएं

| | |
|---|---|
| Coesia | Coesia S.p.A. और Coesia ग्रुप की सभी कंपनियां. |
| Coesia व्हिसलब्लोइंग मैनेजमेंट टीम | दो निर्दिष्ट व्यक्ति, जो समूह की आचार समिति के सदस्य होते हैं और जिनकी ज़िम्मेदारी उल्लंघनों की रिपोर्टिंग प्रोसेस को मैनेज करने और उसका समन्वयन करने की होती है: पाओलो फ़ेबियानी और पाओला लांज़ारिनी. |
| Navex | Coesia द्वारा चुना गया डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म जो अंतरराष्ट्रीय विनियामक आवश्यकताएं पूरी करता है और डेटा सुरक्षा व संरक्षण के सबसे उच्च मानकों की गारंटी देता है: संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा की कोई भी प्रोसेसिंग लागू विनियमों के पूरे अनुपालन में ही की जाएगी. |
| अंदरूनी पक्ष | ऐसा कोई भी व्यक्ति, जिसका Coesia S.p.A. या इसकी अनुषंगी कंपनियों के साथ अंदरूनी संबंध है. |
| आंतरिक चैनल | कंपनी द्वारा मैनेज किए जाने वाले ऐसे सभी चैनल्स, जिनके ज़रिए व्हिसलब्लोअर, इस पॉलिसी द्वारा निर्धारित की गई गाइडलाइन के मुताबिक रिपोर्ट कर सकते हैं. |
| आचार संहिता | Coesia की वेबसाइट पर प्रकाशित समूह की आचार संहिता. |
| प्रतिशोध | ऐसे व्यक्ति के खिलाफ़, जिसने रिपोर्ट सबमिट की हो, धमकियों सहित किसी भी प्रकार का विपरीत आचरण, कार्रवाई या चूक, जिसमें धमकियाँ भी शामिल हैं, और जिसके कारण उसकी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हानि, उत्पीड़न या अनुचित नुकसान हो सकता है. |
| बाहरी चैनल | सार्वजनिक प्राधिकारियों द्वारा मैनेज किए गए चैनल्स, जिनके ज़रिए व्हिसलब्लोअर, राष्ट्रीय कानूनो द्वारा निर्धारित की गई शर्तों के मुताबिक रिपोर्ट कर सकते हैं. |
| बाहरी पक्ष | तीसरा पक्ष, जिसका Coesia S.p.A. या इसकी अनुषंगी कंपनियों के साथ बाहरी संबंध है. |
| रिपोर्ट किया गया व्यक्ति | ऐसा व्यक्ति या संगठन जिसे व्हिसलब्लोअर की रिपोर्ट में संदिग्ध उल्लंघन के ज़िम्मेदार पक्ष के रूप में या शामिल पक्ष के रूप में संदर्भित किया गया है. |

| | |
|---|---|
| **व्हिसलब्लोअर** | "Coesia की आचार संहिता या इसकी पॉलिसियों या किसी भी कानूनी प्रक्रिया के संदिग्ध उल्लंघन की रिपोर्ट करने वाला कोई व्यक्ति.<br>ऐसी रिपोर्ट या खुलासा, जो नेकनीयत से और प्रत्यक्ष वित्तीय फ़ायदे के बिना किया जाता है." |
| **व्हिसलब्लोअर से जुड़ा व्यक्ति** | ऐसा व्यक्ति, जो कामकाज से संबंधित संदर्भ में प्रतिशोध का अनुभव करता है, इसमें रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति का सहकर्मी या परिवार का सदस्य शामिल है. |
| **व्हिसलब्लोइंग रिपोर्ट** | किसी संदिग्ध उल्लंघन के संबंध में लिखित या मौखिक रूप में (या राष्ट्रीय कानून द्वारा विनियमित होने पर व्यक्तिगत रूप से) कोई संचार. |
| **समूह की आचार समिति** | ऐसा स्वतंत्र और स्वायत्त समिति है, जिसकी अध्यक्षता Coesia के अध्यक्ष द्वारा की जाती है और इसमें इज़ाबेला सेरानोली, लोले एना साविनी, जॉर्जिया कैपुज़ो, पाओलो फ़ेबियानी और पाओला लेंज़ारिनी शामिल हैं. |
| **सार्वजनिक प्रकटीकरण** | उल्लंघनों के बारे में जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराना. |
| **स्थानीय संपर्क का(के) व्यक्ति** | निर्दिष्ट व्यक्ति की ज़िम्मेदारी Coesia की उन कंपनियों के उल्लंघन की रिपोर्टिंग प्रक्रिया के मैनेजमेंट और समन्वय की है, जिनके स्थानीय कानून या सर्वोत्तम अभ्यास से उनकी पहचान होती है. |

# 10. अक्सर पूछे जाने वाले सवाल (FAQ)

## रिपोर्ट क्यों करें?

व्हिसलब्लोइंग रिपोर्ट अहम होती हैं, क्योंकि उनसे Coesia को इनकी सुविधा मिल सकती है:

- समूह या तीसरे पक्ष के हित और अखंडता को नुकसान पहुंचाने वाले उल्लंघनों या अनियमित व्यवहार की पहचान और उसका समाधान करके धोखाधड़ी से निपटने और समस्याओं के बढ़ने से पहले उन्हें हैंडल करने में मदद करना;
- उन समस्याओं के बारे में जागरुकता बढ़ाना जो Coesia की आचार संहिता के मुताबिक और समूह की अंदरूनी पॉलिसी के मुताबिक नहीं हैं;
- प्रतिष्ठा को होने वाले नुकसान से बचना;
- खुले परिवेश को बढ़ावा देना.

## रिपोर्ट कौन कर सकता है?

**कोई भी व्यक्ति रिपोर्ट सबमिट कर सकता है.** उदाहरण के लिए, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है:

- Coesia के सभी कर्मचारी पऔर संविदात्मक अनुबंध के तहत उसके संबद्ध व्यक्ति, जिनमें निश्चित अवधि के अनुबंध और आकस्मिक कर्मचारी और वॉलंटियर व प्रशिक्षु व्यक्ति शामिल हैं;
- नियंत्रक और पर्यवेक्षीय निकायों के अधिकारी, निदेशक और मैनेजर;
- स्व-नियोजित भागीदार, एजेंसी और अस्थायी कार्मिक, फ्रीलांसर, स्वतंत्र अनुबंधकर्ता और उप-अनुबंधकर्ता, एजेंट और परामर्शदाता;
- ऐसे व्यक्ति, जिनका कामकाज-आधारित संबंध शुरू होने को है और जिन्होंने भर्ती की प्रोसेस के दौरान उल्लंघन के बारे में जानकारी प्राप्त की है;
- Coesia और उसकी अनुषंगी कंपनियों के पूर्व कर्मचारी या पार्टनर, जिन्हें कंपनी के साथ अपने पिछले कार्य आधारित संबंध के दौरान उल्लंघनों की जानकारी मिली है;
- क्लाइंट, सप्लायर, पार्टनर और सामान्य रूप से सभी हितधारक;
- साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कानूनों में उल्लिखित विशिष्ट हितधारक (यानी जांच एजेंसी, व्यक्तिगत, लोक अधिकारी आदि).

## किन बातों की रिपोर्ट की जा सकती है?

रिपोर्ट्स नीचे दिए गए क्षेत्रों में हुए उल्लंघनों से संबंधित हो सकती हैं:

- **समूह की आचार संहिता**;
- ऐसे व्यक्तियों की सुरक्षा के बारे में **विनिर्देश (UE) 2019/1937, जो संघ कानून और उसके राष्ट्रीय उल्लंघनों** (यूरोपीय संघ के देशों में स्थित कंपनियों के लिए) के उल्लंघन की रिपोर्ट करते हैं;
- **संगठन, मैनेजमेंट और नियंत्रण मॉडल** - विधायी डिक्री 24/2023 और 231/2001 (इतालवी कंपनियों के लिए);
- कंपनी की **पॉलिसियां**;
- **राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कानून**.

## किन बातों की रिपोर्ट नहीं की जा सकती है?

ऐसी जानकारी जो विशेष रूप से अविश्वसनीय अटकलबाज़ी या गपशप (यानी, "अफ़वाह") के आधार पर हासिल की गई है.

## रिपोर्ट कब करें?

जैसे ही व्हिसलब्लोअर को संदिग्ध उल्लंघन का पता चलता है, उसकी रिपोर्ट **समय पर** की जानी चाहिए.

## मुझे तीसरे पक्ष से कोई रिपोर्ट प्राप्त हुई है, मुझे क्या करना चाहिए?

अगर रिपोर्ट Coesia द्वारा बताए गए और प्राधिकृत व्यक्ति को छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति को भेजी जाती है, तो रिपोर्ट को, **उसकी प्राप्ति के सात दिनों के अंदर**, व्हिसलब्लोइंग मैनेजमेंट टीम को या स्थानीय संपर्क के व्यक्ति (जहां लागू हो) ट्रांसमिट किया जाना आवश्यक है.

इसके अलावा, व्हिसलब्लोअर को भी उसी समय सूचित किया जाना चाहिए.

## व्यक्तिगत डेटा की गोपनीयता और मैनेजमेंट के रूप में सुरक्षा के कौन से उपाय लागू किए जाते हैं?

कानूनी दायित्वों के प्रति किसी भी पूर्वाग्रह के बिना, व्हिसलब्लोअर की पहचान और ऐसी कोई भी अन्य जानकारी जिससे वह पहचान प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उजागर हो सकती है, उसकी स्पष्ट सहमति के बिना प्रकट नहीं की जा सकती है. रिपोर्ट में शामिल व्यक्तियों और/या इसमें उल्लिखित व्यक्तियों व साथ ही सुविधा-प्रदाताओं (ऐसे व्यक्ति, जो रिपोर्टिंग प्रोसेस में रिपोर्टर की सहायता करते हैं) के संबंध में भी गोपनीयता की गारंटी दी जाती है.

इसके अलावा, व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा के विनियमों के अनुसार, व्यक्तिगत डेटा को प्रोसेस किया जाता है.

## प्रतिशोध किसे माना जाता है?

प्रतिशोध, किसी भी प्रकार का नुकसान पहुंचाने वाला व्यवहार है, उदाहरण के लिए इसमें नीचे बताया गया व्यवहार शामिल है, लेकिन इसमें अन्य व्यवहार भी शामिल हो सकते हैं:

- बर्खास्तगी, निलंबन या इनके समतुल्य उपाय;
- पदावनति या पदोन्नति न करना;
- कामकाज के असाइनमेंट, कामकाज की जगह, कामकाज के घंटों या प्रतिपूर्ति में बदलाव;
- प्रशिक्षण को रोक देना या उसे सीमित करना;
- विपरीत व्यक्तिगत रिकॉर्ड या प्रदर्शन का नकारात्मक आकलन;
- आनुशासनिक कार्रवाइयां या दूसरे प्रतिबंध, जिनमें जुर्माने शामिल हैं, लगाना या लेना;
- ज़ोर-जबर्दस्ती, धमकी, उत्पीड़न या धौंस;
- भेदभाव या किसी भी तरह का हानिकर या अनुचित व्यवहार;
- रोज़गार के किसी अस्थायी अनुबंध को स्थायी अनुबंध में कनवर्ट न कर, जबकि कार्मिक से उचित व्यवहार की उम्मीद की जाती है;
- अवधि संबंधी अनुबंध का नवीकरण न करना या उसे समय से पहले समाप्त करना;
- क्षतियां, साथ ही विशेष रूप से सोशल मीडिया पर प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना, या वित्तीय अवसरों और आय की हानि सहित वित्तीय पूर्वग्रह;
- औपचारिक या अनौपचारिक क्षेत्रीय या इंडस्ट्रियल समझौते के आधार पर काली सूची में डालना, जिससे व्यक्ति को उस क्षेत्र या इंडस्ट्री में भविष्य में रोज़गार मिलने से रोका जा सकता है;
- वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति की समय से पहले समाप्ति या उसे कैंसल करना;
- लाइसेंस या परमिट को कैंसल करना.